# १७: साँस-साँस में बाँस

## प्रश्नावली

<u>निबंध से :</u>

प्रश्न. 1 बाँस को बूढा कब कहा जा सकता है? बूढ़े बाँस में कौन सी विशेषता होती है जो युवा बाँस में नहीं पाई जाती?

प्रश्न. 2 बाँस  से बनायीं जाने वाली चीज़ो में  तुम्हे सबसे आश्चर्यजनक चीज कोनसी लगी और क्यों?

प्रश्न. 3  बाँस की बुनाई मानव के इतिहास में  कब शामिल हुई होंगी?

प्रश्न. 4 बाँस के विभिन्न उपयोगो से सम्बंधित जानकारी देश के किस भू -भाग के

सन्दर्भ में  दी गयी है? एटलस में देखो |

<u>निबंध से आगे :</u>

प्रश्न 1: बाँस के कई उपयोग इस पाठ में बताए गए है| लेकिन बाँस के उपयोग का दायरा बहुत बड़ा है| निचे दिए गए शब्दों की मदद से तुम इस दायरे को पहचान सकते हो-

- संगीत
- प्रकाशन

° मछर

° एक नया सन्दर्भ

° फर्नीचर

प्रश्न 2. इस लेख में दैनिक उपयोग की चीज़ें बनाने के लिए बाँस का उल्लेख प्राकृतिक संसाधन के रूप में हुआ है| निचे दिए गए प्राकृतिक संसाधनों से दैनिक उपयोग की कौन-कौन सी चीज़ें बनाई जाती हैं—

| प्राकृतिक संसाधन | दैनिक उपयोग की वस्तुएँ |
|---|---|
| चमड़ा -- | जूते, चपल, कपडे आदि |
| घास के तिनके -- | टोकरी, टोपी, छत आदि |
| ,पेड़ की छाल _-- | दवाइयां आदि |
| गोबर --- | उपले, लिपाई आदि |
| मिट्टी -- | बर्तन, घर, मटके आदि |

इनमें से किन्हीं एक या दो प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए कोई एक चीज़ बनाने का तरीक़ा अपने शब्दों में लिखो।

प्रश्न 3. जिन जगहों पर साँस में बाँस बस है, अखबार और टेलीविज़न के ज़रिए उन जगहों की कैसी तसवीर तुम्हारे मन में बनती है|

<u>अनुमान और कल्पना :</u>

- इस पाठ में  कई हिस्से है जहाँ किसी काम को करने का तरीका समझाया गया है? जैसे –

छोटी मछलियों को पकड़ने के लिए इसे पानी की सतह पर रखा जाता है या फिर धीरे - धीरे पकड़ कर खींचा जाता है| बाँस की खपच्चियों को इस तरह बाँधा जाता है कि वे शंकु का आकर ले लें| इस शंकु का ऊपरी सिरा अंडाकार होता है,  निचले हिस्से में  खपच्चियाँ अच्छी तरह गुँथी हुई होती हैं।

प्रश्न 1: इस वर्णन को ध्यान में रखकर निचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अनुमान लगाकर दो

(1) बाँस से बनाए गए शंकु कें आकर का जाल छोटी मछलियों को ही पकड़ने के लिए ही क्यों इस्तेमाल किया जाता  है?

(2) शंकु का ऊपरी हिस्सा अंडाकार होता है तो निचे का हिस्सा कैसा दिखाई देता है?

(3) इस जाल से मछली पकड़ने वालों को धीरे-धीरे क्यों चलना पड़ता है?

शब्दों पर गौर :

प्रश्न 1: निचे दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिये—

1. हाथों की कलाकारी
2. घनघोर बारिश
3. बुनाई का सफर
4. आड़ा तिरछा
5. डलियानुमा
6. कहे मुताबिक

व्याकरण :

प्रश्न 1.'बुनावट' शब्द 'बुन'क्रिया में 'आवट' प्रत्यय जोड़ने से बनता है|इसी प्रकार नुकीला, दबाव, घिसाई, भी मूल शब्द में प्रत्यय जोड़कर बने है| in चारों शब्दों में प्रत्यय को परहचानो और तीन तीन नये शब्द बनाये और वाक्य में प्रयोग कीजिये|

| शब्द | क्रिया | प्रत्यय | वाक्य में प्रयोग |
|---|---|---|---|
| ° बुनावट - | बुन - | आवट - | |
| ° घिसाई - | घिस - | आई - | |

° नुकीला  -    नोक    -        ईला      -

° दबाव   -  दब    -   आव        -

इन से बने कुछ और शब्द –

आवट-

आई-

ईला-

आव-

प्रश्न 2.  निचे पाठ से कुछ प्रश्न दिए गए है –

(क़) वहाँ बाँस की चीज़े बनाने का _(चलन) भी ख़ूब है|

(ख़) हम यहाँ बाँस की  एक- दो  चीज़ो का ही (ज़िक्र) कर पाए है|

(ग) (मसलन) आसन जैसी छोटी चीज़े बनाने के लिए बाँस को (हरेक) गठान से काटा जाता है|

(घ) खपच्चियों से (तरह-तरह) की टोपियां बनाई जाती है|

प्रश्न 3.  तर्जनी हाथ की किस ऊँगली को कहा जाता है? बाकि हाथ की उँगलियों को क्या कहते है? सभी उँगलियों के नाम अपनी भाषा में  पता करें और कक्षा में अपने साथियों और शिक्षकों को बताओ?

प्रश्न 4.  अँगुष्ठा , तर्जनी, मध्यमा , अनामिका, कनिष्ठा,– ये पाँच उँगलियों के नाम है। इन्हें पहचान कर सही क्रम में  लिखो |

# उत्तर

निबंध से :

उत्तर 1.  बाँस को बूढा तब कहा जाता है जब उसकी आयु तीन वर्ष से अधिक हो जाती है| युवा बाँस के मुकाबले बूढा बाँस सख्त होता है और आसानी से टूट जाता है उसके विपरीत युवा बाँस लचीला होता है जिसकी वजह से उसे किसी भी आकर में बदला जा सकता है| साथ ही बूढ़े बाँस को हम कोयले की तरह भी इस्तेमाल कर सकते है|

उत्तर 2. वैसे तो बाँस से अनेको चीजें बनायीं जाती है जैसे टोकरी, टोपियां, बर्तन, सजावटी सामान आदि| परन्तु मुझे सबसे विचित्र चीज बाँस से बने पुल की लगी क्योंकि पुल बनाने के लिए बहोत मजबूत ढांचा होना चाहिए जो शायद बाँस नहीं दे सकता|

उत्तर 3. मेरे अनुसार मानव इतिहास में  बाँस की बुनाई तबसे शामिल हुई होंगी जबसे मानव ने बया के घोसले को देखकर अपना भोजन एकत्रित करने के लिए बाँस के लचीले आकर का प्रयोग करके टोकरी नुमा आकर दिया होगा|

उत्तर 4.  बाँस के विभिन्न उपयोगों से सम्बंधित जानकारी देश के उत्तर-पूर्वी भाग के सन्दर्भ में की गई है, बाँस का सबसे बड़ा उत्पादन असम में होता है|

निबंध से आगे :

उत्तर 1.  ° संगीत= बांसुरी, वायलिन

°प्रकाशन= लोगों तक जागरूकता पोहँचना

° मछर= मछर दानी

° फर्नीचर= कुर्सी, टेबल, फूलदान आदि

उत्तर 2: [छात्र सख्वयं करें|

उत्तर 3.  छात्र स्वयं करें|

<u>अनुमान और कल्पना :</u>

उत्तर 1: (1) बाँस से बनाये गए शंकु आकर का जाल सिर्फ छोटी मछलियों को पकड़ने के इस लिए काम आता हर क्योंकि छोटी मछलियां निचे गुंथी खपच्चियो में  आसानी से फंस जाती है जबकि बड़ी मछलियां उस जाल में से निकल जाती है|

(2) शंकु का ऊपरी हिसा अण्डाकार होता है तो निचला हिस्सा अर्ध गोलाकार जैसा होता है जिसमें  बीचमें  बाँस की खपच्चियाँ गुंथी हुई होती है?|

(3) इस जाल से मछली पकड़ने वाले अगर तेज चलने लगेंगे तो जो मछलियां खपच्चियों में फंसी है वो छूट जाएंगी |

शब्दों पर गौर :

उत्तर 1:
1. हाथों की कलाकारी= कुम्हार अपने हाथों की कलाकारी से मिट्टी को मनचाहा रूप दे सकता है|

2. घनघोर बारिश= भारत के पुंडुचेरी क्षेत्र में पुरे साल घनघोर बारिश होती है|

3. बुनाई का सफर= बाँस की बुनाई का सफर ऐतिहासिक काल से चला आ रहा है|

4. आड़ा तिरछा= मोहन तुम हमेशा अपनी पुस्तकें आडी तिरछी रखते हो|

5. डलियानुमा= तुम्हारा यह थैला तो डलियानुमा है|

6. कहे मुताबिक= अपने घर के बड़ो के कहे मुताबिक चलोगे तो सफलता मिलेगी|

व्याकरण :

उत्तर 1:

**शब्द** **क्रिया** **प्रत्यय** **वाक्य में प्रयोग**

° बुनावट - बुन - आवट - इस टोकरी की बुनावट बहुत सुन्दर है|

° घिसाई - घिस - आई - हमारे घर के फर्नीचर की घिसाई अच्छे से हो गयी|

°नुकीला - नोक - ईला - यह चाकू बहुत ज्यादा नुकीला है|

° दबाव - दब - आव - जैसे जैसे आसमान की तरफ जाते है वायु का दबाव बढ़ता है|

इन से बने कुछ और शब्द –

आवट- मिलावट, थकावट, सजावट

आई- लिखाई, पढ़ाई, पिसाई

ईला- चमकीला, जहरीला, भड़कीला

आव- बचाव, चुनाव, बहाव

उत्तर 2.

(क़) प्रसिद्ध

(ख़) प्रस्ताव रखना

(ग) की वजह से, प्रत्येक

(घ) विभिन्न

उत्तर 3. हाथ की सबसे छोटी ऊँगली को तर्जनी ऊँगली कहा जाता है|
बाकि उँगलियों के नाम इस प्रकार है—

अंगूठा, तर्जनी, अनामिका, माध्यमा,कनिष्ठा

उत्तर 4. छात्र स्वयं करें|